

श्री. शांतिलालजी मुथ्था
संस्थापक, BJS

# BJS eबुलेटीन 2020

**Edition 8, 12th April 2020**

JAINS FOR INDIA
BJS
Bharatiya Jain Sanghatana


## संपादक की कलम से



प्रिय स्नेहीजन,

मात्र 200 दिन में कोरोना वायरस विश्व के 200 से अधिक देशों में फेल गया. इस महामारी के कारण जान गुमाने वाले का अधिकृत आंकड़ा 1 लाख पार कर गया. कोरोना वायरस का कहर कब समाप्त होगा? कितना विनाश होना शैष है? ऐसे अनेक प्रश्न हैं जिनके उत्तर दुनियाँ का प्रत्येक मनुष्य चाहता है.

दूसरी तरफ यह हर कोई जानना चाहता है कि कोरोना के बाद का विश्व कैसा होगा.




कल स्वप्न में तातश्री आये.
चरण स्पर्श किया तो उन्होने आशीर्वाद दिया
"सदैव सेनिटाईज रहो वत्स"

अर्थशास्त्रियों का अनुमान है कि विश्व की आर्थिक संरचना चरमरा का बिखर जाएगी. कोरोना वायरस अभी जितना नुकसान कर रहा है क्या उससे अधिक विश्व को कोरोना के बाद सहना होगा?

देश की अर्थव्यवस्था क्या दिशा पकडेगी और कितना समय सामान्य होने में लगेगा, इस पर श्री आनंद लुनिया, मुम्बई ने BJS Family Summit face book live पर 8 अप्रेल को विचार व्यक्त किये जिसका प्रकाशन इस अंक में आपके पठन हेतु कर रहे हैं.

**निरंजन जुंवा जैन**
सदस्य - BJS राष्ट्रीय कार्यकारिणी समिति

**April 8**

**BJS FAMILY SUMMIT** Live Face book Series-**DAY 8**

## Where Is Economy Going



**श्री आनंद लुनिया का जन्म राजस्थान के चुरु जिले में हुआ. शिक्षा अहमदाबाद में और व्यवसाय पिछले 20 वर्षों से मुम्बई में. आपने Engineering व MBA किया है. Venture Mutual फण्ड का आपका पारम्परिक व्यवसाय है. आप Venture Capital Fund कंपनी में भागीदार है. Carwale, Redbus, Faasos, Lendingkart, Sharechat आदि कंपनियों में आप investor हैं**

यह आज सामान्य तौर पर सर्वाधिक पूछे जाने वाला प्रश्न है कि 'हमारी अर्थव्यवस्था का क्या होगा या किस तरफ करवट लेगी'? इसका उत्तर पाने हेतु हमें technology के काल चक्र को समझना होगा. आपने ऑरकुट का नाम सुना होगा. एके जमाने तक यही मात्र एक software था लेकिन अब facebook, instaram, twitter, my space, snap chat, whatsap ये सभी व्यवसाय पर छा चुके हैं और technology आधारित नई अर्थव्यवस्था का उदय हो चुका है.

आईये! Technology के काल चक्र को गहराई से समझें. नोकिया कम्पनी के मोबाईल फोन हम सबने पूर्ण संतोष के साथ अनेक वर्षो तक प्रयोग किये,किन्तु technology को upgrade समय से नहीं करने के कारण वे दौड़ से ऐसे बाहर हुए की अब कोई उन्हें घुसने नहीं देता. ब्लैकबेरी कम्पनी बढ़िया टेक्नोलॉजी वाला फोन लेकर आये, खूब चला, किन्तु उनका सारा ध्यान लाभाँश पर रहा न कि कंपनी के भविष्य पर. परिणाम आप सब जानते हैं. अमेरिका के downjones की बात करें तो एक समय था कि जो कंपनी इन्डेक्स पर listed हो गयी वो 50 साल तक टॉप लिस्ट में बनी रहती थी किन्तु अब एक अच्छी कंपनी का आयुष 10 वर्षों से अधिक नहीं है, वे नीचे चली जाती हैं, कारण technology से उनकी सुसंगतताका अभाव.

Contd...


BJS Bharatiya Jain Sanghatana
FAMILY SUMMIT
on Facebook LIVE every day
LIVE @ 4:00 - 5:00pm
1st April to 15th April 2020

आज दिनांक 12 अप्रेल, 2020 4 से 5 सांय
April Sunday 12
राजेश जैन , कलकत्ता
विषय : Family Business - Success Secrets
Fb Link : bit.ly/BJSPune

Scan to Join

ये technology का कालचक्र ही है कि Infosis या Satyam जैसी कंपनियों का अब वो महत्व नहीं रहा. Micro soft, Google, Amazon आज dominate कर रही हैं. जो कंपनी technology में invest नहीं करती उनकी future life पर प्रश्न चिन्ह लग जाते हैं. वही कंपनियां आज सफलता के शीर्ष पर हैं जो उनके ग्राहकों की आदतें और behaviour बदलने में सक्षम हैं. कोरोना के कारण आज हम घर में बैठे बैठे Zoom App पर रिश्तेदारों और मित्रों से सामुहिक संवाद करने लगे, जो हमने पहले कभी नहीं किया था. फोन पर बात करने की हमारी आदतें technology के कारण बदल रही है. आज हमें whatsap कॉल करना ज्यादा सुविधाजनक लगता है.

व्यवसाय में Venture Capital investment की आवश्यकता अब पहले से कहीं अधिक है. Ola और Uber की यदि मुम्बई और बैंगलोर की ही बात करें तो कल्पना कीजिये कि कितनी taxies उन्हें पहले दिन सड़कों पर उतारनी पड़ी होंगी. उत्तर है हज़ारों, क्योंकि ग्राहक को पहले दिन 5 मिनट में taxi नही मिलती तो वह इन apps को दुबारा use करने की नहीं सोचता या app ही uninstal कर देता. लेकिन इन कंपनियों ने आम भारतीय की आदतें ही नहीं मानस भी बदल दिया. अब रिक्शा या बस पकड़ने की सोचते भी नहीं हालांकि इनके भाड़े पहले से महंगे हो गए तो भी टैक्सी सिर्फ Ola या Uber की, क्योंकि यह हमारी आदत में आगयी हैं. दूसरा उदाहरण Red Bus का है, आज हम घर बैठे online ticket book करवा कर, सुविधाजनक यात्रा करने के आदी हो गए हैं. Red Bus हमारी आदत बन गयी है. इस कंपनी ने हमारी यात्रा करने की habits और behaviour दोनों ही बदल डाले. शुरुवाती दौर में इन कंपनियों ने कुछ वर्षों तक नुकसान किया लेकिन आज वे सफल हैं और देश की सफल कंपनियों में शुमार भी हैं. व्यवसाय में जो क्रांतिकारी बदलाव आ रहे हैं वो हमारी अर्थव्यवस्था को किस दिशा में ले जा रहे हैं, स्पष्ट रूप से देखा जा सकता है.

Zometo कंपनी का भी उदाहरण समझने जैसा है. Zometo App खोलकर हम restaurants की rating चेक करके यह निश्चित कर सकते हैं कि हमे किस restaurant में जाना है. देश में अब trend भी बदल रहा है. घरों में खाना रेस्टोरेंट से आने लगा है. सामान्यतः कामकाज़ी युगल के लिए personal cook को afford करना मुश्किल होता है. आज Ola/Uber के driver एवं cook या maid की मासिक आय IT कंपनी में काम करने वालों से कहीं अधिक होती है.

Real Estate देश की अर्थव्यवस्था में एक जमज़ोर कड़ी है. Apartment या मकानों कीमत बहुत ज्यादा है. मुम्बई में 2 कमरों का flat डेढ़ से दो करोड़ का है जो एक उच्च शिक्षित युगल की वार्षिक संयुक्त आय का 10 गुना से भी अधिक है. जबकि अमेरिका के न्यूयॉर्क में यह 5 गुना है. अतः इस क्षेत्र का भविष्य कम आशास्पद लगता है.

कोरोना महामारी के पश्चात आम भारतीय के जीवन में अनेक क्रांतिकारी परिवर्तन आने वाले हैं, जिनकी कल्पना शायद हम आज न कर सकें . डिजिटल पेमेंट का बढ़ता प्रचलन, बच्चों की Online शिक्षा जो शुरू हो चुकी है. स्कूल खुलने पर भी बीमार बच्चे शायद घर से पढ़ सकेंगे और उन्हें एसा एहसास होगा कि वे Classroom में ही हैं.


हम बिज़नेस में technology के प्रयोग से बचना चाहते हैं. आम और छोटे व्यवसायी के लिए सलाह है कि वे उनकी वेबसाईट बनाएं. Google या India Mart आदि वेबसाइटों पर registration करवाएं क्योंकि आजकल ग्राहक search करके ही कुछ खरीदने की आदत बनती जा रही है.

आने वाले 12 से 18 महीने व्यवसाय और अर्थव्यवस्था के परिप्रेक्ष्य में कठिन होंगे. इस काल में नए व्यवसाय शुरू करना हितकर नहीं लगता. Health care क्षेत्र आनेवाले समय में मांग में रहेगा.

To view all videos : : bit.ly/BJSPune

कोविड-19 - कोरोना जानलेवा है.
कहीं इधर उधर हाथ न लगाएं. हाथ बार बार धोएं











Shahapur News, Karnataka



Shahapur - Raichur Blood Bank




Chitradurga News, Karnataka




Yadgir, Karnataka




Hagaribommanahalli, Karnataka